23.02.26 Sem- IIIrd.

(13)

Subject - Psychology
class - UG, sem - III
Unit - 01 / Fundamental of Statistics.
Topic - Interval Level of Measurement.
Date -
Name - Dr. Shyam Sundar Sharma

Ques. अंतराल मापन स्तर (Level of Measurement) क्या है? इसकी विशेषताएँ बताइए।

Ans. :- अंतराल मापन स्तर से तात्पर्य है, जिसमें व्यक्तियों या वस्तुओं को समान अंतराल के आधार पर मापा जाता है। इस स्तर पर आँकड़ों के बीच का अन्तर निश्चित और अर्थपूर्ण होता है, लेकिन इसमें पूर्ण शून्य (True zero) का अभाव पाया जाता है।

अंतराल मापन की विशेषताएँ :- अंतराल मापन की कुछ प्रमुख विशेषताएँ निम्न प्रकार है -

(1) इसमें क्रम (order) स्पष्ट होता है।
(2) इकाईयों के बीच समान अंतराल पाया जाता है।
(3) शून्य (zero) का कोई वास्तविक या पूर्ण अर्थ नहीं होता है।
(4) जोड़ और घटाव जैसी गणनाएँ संभव होती है।
(5) औसत (mean) और मानक विचलन (SD) की गणना की जाती है।

जैसे- (1) IQ स्कोर
(2) तापमान
(3) बुद्धि परीक्षण के मानक अंक
(4) मनोवैज्ञानिक स्केल के स्कोर.
इत्यादि।

P.T.O

* अंतराल मापन का मनोविज्ञान में उपयोग:-

अंतराल मापन का मनोविज्ञान में उपयोग निम्न रूपों में किया जाता है-

(1) बुद्धि और अभिक्षमता की माप में।

(2) व्यक्तियों की तुलना करने में।

(3) सांख्यिकीय विश्लेषण एवं शोध कार्यों में।

(4) परीक्षणों में मानकीकरण। इत्यादि।

निष्कर्ष स्वरूप हम कह सकते हैं कि अंतराल मापन स्तर, क्रमागत मापन स्तर से अधिक विकसित और उन्नत है क्योंकि इसमें समान अंतराल की सुविधा होती है लेकिन पूर्ण शून्य के अभाव के कारण इसे अनुपात स्तर से निम्न माना जा सकता है।